WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 328 मेरठ, बुधवार 16 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........




# केन्द्र, राज्य सरकार, जनता व कोरोना वारियर्स के टीमवर्क से उत्तर प्रदेश रहा कोरोना संकट से निपटने में सफल

### ❑ 80 हजार निगरानी समितियों ने वितरित की 12 लाख से अधिक मेड़िकल किट


**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में कोरोना पर काबू पाने के लिए एक विस्तृत, सृ ढ़ और दीर्घकालीन रणनीति की आवश्यकता के ष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया। जनता कर्फ्यू और लॉकडाउन का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते है कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले प्रदेश के सामने कोरोना से निपटने के लिए चुनौतियां बहुत थी लेकिन केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, जनता और कोरोना वारियर्स के टीम वर्क से हम कोरोना संकट से निपटने में सफल रहे। प्रदेश सरकार की सफल, कुशल रणनीति का ही परिणाम है कि कोरोना रोगियों की संख्या काफी हद तक कम हो गई है। प्रदेश में प्रतिदिन 3 से 4 लाख सैम्पल टेस्ट हो रहे है। टेस्ट सैम्पल में पाजिटिविटी दर 0.3 प्रतिशत ही पाये जा रहे है। जबकि रिकवरी दर 97.9 प्रतिशत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 19 लाख से अधिक कोविड टेस्ट हो चुके है। कोरोना संक्रमण का वायरस कमजोर पड़ा है किन्तु समाप्त नही हुआ है, इसलिए प्रदेश के सभी नागरिक कोरोना प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए अपनी सुरक्षा अवश्य करें। 5 करोड़ से अधिक कोविड टेस्ट करने वाला उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशन में 3टी की विशेष रणनीति कोरोना नियंत्रण के लिए अपनाई गयी है। ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीट की इस नीति के अन्तर्गत जांच का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ कोरोना के लक्षण वाले मरीजों को ट्रैक कर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था की गयी है। 3टी की विशेष रणनीति में एक कदम आगे बढ़कर आंशिक कोरोना कर्फ्यू तथा टीकाकरण अभियान को भी जोड़ा गया है। आंशिक कोरोना कर्फ्यू में जान भी जहान भी के ध्येय वाक्य के साथ औद्योगिक गतिविधियां, आर्थिक गतिविधियां, षि से सम्बन्धित खाद, बीज, उपकरणों की मरम्मत तथा आजीविका से जुड़ी दुकाने भी खुली रखी गयी थी। जान के साथ जीविका बचाने का प्रयास लगातार जारी है। प्रदेश सरकार के प्रयासों के कारण कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में खासी सफलता मिली है उदाहरण के तौर पर कोरोना संक्रमण दूसरे राज्यों और उत्तर प्रदेश की जनसंख्या से बराबर वाले दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में काफी कम है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मुख्यमंत्री स्वयं कमान सम्हाले हुए है जिसमें टीम-9 उनके साथ सक्रिय भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा कोविड-19 के लिए चलाये जा रहे अभियान की ग्राउण्ड लेवल समीक्षा एवं निरीक्षण 40 जनपदों एवं 18 मण्डलों का भ्रमण करके किया गया। कोरोना महामारी पर काबू पाने के लिए निगरानी समितियों द्वारा घर-धर जाकर संक्रमण की जानकारी जुटाई जा रही है इसके तहत 97000 ग्रामीण पंचायतों में 5 मई, 2021 से एक विशेष अभियान चलाकर 80 हजार निगरानी समितियों द्वारा एन्टीजन और आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के साथ साथ लगभग 12 लाख से अधिक मेडिकल किटों का वितरण भी किया गया हैं ग्रामीण क्षेत्रों में टेस्टिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है गौरतलब है 31 मार्च से अब तक 65 प्रतिशत कोविड टेस्ट ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए है। प्रदेश सरकार ने कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए भी तैयारियां पूरी कर ली है इसके तहत ऑक्सिजन की व्यवस्था तथा टीकरण पर प्रमुखतः से ध्यान केन्द्रित किया गया है। हलांकि प्रदेश में ऑक्सिजन समुचित मात्रा में उपलब्ध है फिर भी तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए 427 ऑक्सिजन प्लाण्ट अस्पतालों में लगाए जा रहे है जिसमें से 83 प्लाण्ट क्रियाशील हो चुके है। सभी मेडिकल कॉलेजों में 100-100 बेड पीआईसीयू के, हर जिला अस्पताल में 20-20 बेड पीआईसीयू के और कम से कम दो सीएसी में पीकूध्नीकू बेड बढ़ाने के साथ सभी सीएचसी 20-20 ऑक्सिजन कंसट्रटेर भी उपलब्ध कराये जा रहे है। कोरोना के खिलाफ इस लड़ाई में टीकाकरण एक अहम हथियार के रूप में साबित हुआ है। प्रदेश में टीकाकरण का प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा इस माह 06 लाख तथा अगले माह से 10 लाख प्रतिदिन टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। तीन महीनों में 10 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। अभिभावक स्पेशल अभियान के तहत 12 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के अभिभावकों का टीकाकरण किया जा रहा है। इसी तरह महिला स्पेशल अभियान के तहत पिंक बूथ बनाकर महिलाओं का टीकाकरण कराया जा रहा है, साथ ही जनता के अधिकाधिक सम्पर्क में आने वाले लोग जैसे रिक्शा, टैम्पों व बसचालक, रेहड़ी, पटरी दुकानदारों, फल-सब्जी बिक्रेता का विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा हैं। हलांकि कोरोना महामारी ने देश-दुनिया व प्रदेश को खासा प्रभावित किया है लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण करने में सफल रहा है साथ ही प्रदेश तीसरी लहर का सामना करने को पूरी तरह तैयार है।

## तेज हवाओं व बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा तापमान में आई गिरावट

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** तपती धूप गर्मी से जहां बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ वही तेज हवाओं,आंधी व बारिश में कही हार्डिग तो कहीं पेड़ मकानों पर ही गिर पड़े आपको बताते चलें कि एक मामला ऐसा ही जे ब्लश्वक पांडव नगर का भी है जहां मिलिट्री फार्म के किनारे वर्षो पुराने पेड़ तेज हवाओं के कारण एक मकान पर आ गिरा जहां छज्जे पर खड़ा एक बच्चा पेड़ के चपेट में आने से बाल बाल बचा और मकान में भी पेड़ गिरने से दरारे आ गई, वहीं मकान के पास खड़े वाहन भी चपेट में आ गए पड़ोस में रहने वाले लोगों की समझ व सूझबूझ से वाहनों को पेड़ों के नीचे से निकाला गया गनीमत रही कि बारिश के कारण सभी आसपास के परिवार अपने घरों के अंदर थे अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था वहीं पड़ोसी रजनीश शर्मा ने बताया कि अक्सर इस तरह के मामले यहां पूर्व में भी हो चुके हैं और मकानों को भारी नुकसान भी हुआ है।

# पत्रकार की मौत नही बल्कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता पर है हमला

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में टीवी पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की दुर्घटना में मौत नहीं बल्कि यह निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता पर हमला है। बता दे कि 13 जून 2021 को प्रतापगढ़ के टीवी पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की सड़क हादसे मे मौत हो गयी जबकि उनकी पत्नी ने इसे निर्मम हत्या कहा है । घटना से पहले उनके द्वारा चलाई गयी खबर से बौखलाए शराब माफियाओं ने उन्हे जान से मारने की धमकी भी दी थी और अपनी सुरक्षा के लिए सुलभ श्रीवास्तव ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भी दिया था। अंततः सुलभ श्रीवास्तव के साथ यह घटना घटित हो गई। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया ने सुलभ श्रीवास्तव की मौत की घोर भर्त्सना करते हुए उनके परिजनों को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता के साथ घटना की निष्पक्ष जांच की मांग प्रदेश के मुखिया माननीय योगी आदित्यनाथ जी से की है। इसी के साथ संगठन ने अविलंब अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग भी की है। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया के अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने कहा कि आज प्रदेश में पत्रकारों के साथ तमाम उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं यहां तक की कई पत्रकार साथियों की अपराधियों ने इह लीला समाप्त कर दी है। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए देश व प्रदेश में कोई कानून नहीं है। संगठन देश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी व राज्य के माननीय मुख्यमंत्रियों से आगे कदम बढ़ाते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की पुनरू मांग करता है। जिससे देश के पत्रकार अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके और निष्पक्ष और निर्भीक होकर पत्रकारिता कर सके। संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार ने एक दिन पूर्व ही अपने साथ अनहोनी होने


जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) Journalist Council of India (Regd.)

Ref. no.: JCI/2021/030 REGD. UNDER: I.T.A. 1882 Date: 14/06/2021

सोंच वही जो करे सही

सेवा में,
माननीय योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री,उत्तर प्रदेश
मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग- 2
लोकभवन-लखनऊ

विषय- प्रतापगढ़ में पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की मौत की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के संबंध में

माननीय मुख्यमंत्री जी,
इस पत्र के माध्यम से आपको अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश में पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार, उत्पीड़न,धमकियों व हत्याओं की घटनाओं से संगठन बहुत आहत है। आरोपियों पर कठोर कार्यवाही न होने से उनके हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे है। अभी ताजा प्रकरण टीवी पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का सामने आया है। घटना से पूर्व ही पत्रकार ने अपने साथ अनहोनी की आशंका जताई थी। जिसके संदर्भ में पत्र के माध्यम से स्थानीय पुलिस अधिकारियों को अवगत भी कराया था। शराब माफियाओ के खिलाफ खबर को दिखाने पर वह उनके निशाने पर थे।
महोदय समय रहते यदि पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रकरण का संज्ञान ले लिया जाता तो शायद यह घटना घटित न होती।
महोदय संगठन आपसे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराये जाने का अनुरोध करता है और प्रकरण मे दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने का अनुरोध करता है। जिससे इस तरह की घटनाओं की प्रदेश मे पुनरावृति न हो और प्रदेश के पत्रकार अपने आपको सुरक्षित महसूस कर निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता कर सके।
इसी के साथ संगठन आपसे विनम्र अनुरोध करता है कि मृतक पत्रकार के परिजनों की 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी की जाए।
धन्यवाद

अनुराग सक्सेना
राष्ट्रीय अध्यक्ष

Email: JCofIndia@gmail.com, JournalistCouncilOfIndia@yahoo.com, Contact No: +91-8279774913
Head Office: 24/A Gandhipuram Opposite Hartmen Aashram Izatnager, Bareilly, Uttar Pradesh, 243001
Corporate Office: Ambedker nager, jwalapur, Haridwar, Uttarakhand, 249407
Web:- www.JournalistCouncilofIndia.com



की आशंका से जनपद के पुलिस अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया था यदि समय रहते पुलिस अधिकारियों ने पत्र का संज्ञान ले लिया होता तो शायद पत्रकार की जान बच जाती। आज पत्रकार को सच का सामना कराने पर पर धमकियां मिलना शुरू हो जाती है विरोध करने पर पत्रकार पर ही आरोप लगने शुरू हो जाते है परिणामस्वरूप दबंगो के हौसले और बुलंद हो जाते है।यदि पत्रकार ही सुरक्षित नहीं रहेगे तो लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ कैसे निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने काम को अंजाम दे पायेगा।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने सौंपा ज्ञापन

### ❑ यूपी में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना चाहिएः अजय चौधरी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ मे टीवी पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की निर्मम हत्या के विरोध मे मंगलवार को अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति, मेरठ ने मुख्यमंत्री उ.प्र. के नाम ज्ञापन दिया। मेरठ के पत्रकारों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर सिटी मजिस्ट्रेट सत्येंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। आपको बताते चलें, 13 जून 2021 को प्रतापगढ़ के पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के पहले चलाई गई खबर से बौखलाए शराब माफियाओं ने जान से मारने की धमकी




भी दी थी और अपनी सुरक्षा के लिए सुलभ श्रीवास्तव ने एडीजीपी जोन को प्रार्थना पत्र भी दिया था। पत्रकार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के आवाहन पर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा और परिजनों को 50 लाख का मुआवजा, पत्नी को सरकारी नौकरी और बच्चों की शिक्षा एवं चिकित्सा का खर्चा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिलाये जाने की मांग की। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष अजय चौधरी ने कहा की उत्तर प्रदेश में आए दिन पत्रकारों व उनके परिजनों की हत्या हो रही है, तथा अन्य तरह से भी पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश का पत्रकार अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अब आलम ये है, की पत्रकारिता करते हुए पत्रकार डर कर जीने को मजबूर है। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है। उत्तर प्रदेश में ष्पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होना चाहिएष, क्योंकि यह पत्रकारों का हक है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राव जफरयाब, जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जिला महासचिव जिया चौधरी, मोहम्मद शहजाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य नरेश कुमार, आबिद खान, अखिल गौतम, अनीश खान, संजय मोहन, कदीर सैफी, लाखन, रवि कुमार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## 21 जून से यूपी में खुलेंगे पार्क-स्ट्रीट फूड, नाइट कर्फ्यू में भी मिलेगी ढील –

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा टल गया है। अब राज्य में कोविड के मामले बेहद कम आ रहे हैं। आज यूपी में कोरोना के महज 340 नए केस मिले हैं। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के निवासियों और व्यवसायियों को राहत देने का फैसला लिया है। नए आदेश के मुताबिक आगामी सोमवार, 21 जून से नाइट कोरोना कर्फ्यू के समय में ढील दी जाएगी। साथ ही कुछ नई छूट दी जाएगी। आगामी 21 जून से राज्य में नाइट कोरोना कर्फ्यू रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 7 बजे तक प्रभावी होगा। साथ ही कोविड प्रोटोकॉल के साथ रेस्टोरेंट को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। पार्क, स्ट्रीट फूड आदि के संचालन की अनुमति भी दी जाएगी। हालांकि इन स्थलों पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य होगी। इस संबंध में राज्य सरकार आज नई विस्तृत गाइडलाइंस जारी करेगी।

# पंजाब पुलिस का मेरठ में छापा, प्रतिबंधित दवाइयों का सप्लायर पकड़ा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पंजाब में प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करने के आरोपित की तलाश में पंजाब पुलिस ने पूर्वा महावीर मोहल्ले में छापेमारी की। यहां से पंजाब पुलिस मेडिकल स्टोर संचालक अंशुल जैन को पकड़कर अपने साथ ले गई। हालांकि देहली गेट थाने में ड्रग्स इंस्पेक्टर ने पंजाब पुलिस को बताया कि जो दवा पंजाब में प्रतिबंधित है, उसे यूपी में बेचा जा सकता है। बावजूद इसके पंजाब पुलिस अंशुल को ले गई। मंगलवार को पंजाब के रूपनगर थाने के एसआइ ष्ण लाल, एएसआइ जरनैल सिंह, कांस्टेबल मनदीप सिंह और राजकुमार ने देहली गेट थाने में आमद दर्ज कराई। उनके साथ प्रतिबंधित दवा की सप्लाई करने में पकड़ा गया आरोपित महेंद्र निवासी गांधीनगर जालंधर द्धर्पजाबक्षभी साथ था। उसकी निशानदेही पर पंजाब पुलिस ने देहली गेट पुलिस के साथ पूर्वा महावीर मोहल्ले में दबिश देकर मेडिकल स्टोर संचालक अंशुल जैन निवासी खैर नगर को हिरासत में ले लिया। एसआइ ष्ण लाल ने बताया कि पंजाब में प्रतिबंधित दवाइयों के साथ महेंद्र को पकड़ा था। उसने बताया था कि अंशुल जैन प्रतिबंधित दवाइयों की पंजाब में डिलीवरी दे रहा है। देहली गेट थाने पहुंचे ड्रग्स इंस्पेक्टर ने पंजाब पुलिस को बताया कि यूपी में उक्त दवाइयों की बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि पंजाब पुलिस के साथ देहलीगेट पुलिस को छापेमारी में भेजा था। पुलिस अंशुल जैन को थाने लाई थी। साक्ष्यों के आधार पंजाब पुलिस अंशुल जैन को अपने साथ ले गई है। चार साल पहले भी अंशुल जैन के मेडिकल स्टोर पर पंजाब पुलिस ने छापा मारा था। तब भी प्रतिबंधित दवाइयों उसके मेडिकल स्टोर से मिली थीं। बता दें कि 17 मार्च को भी पंजाब पुलिस ने परतापुर की एक दवा फैक्ट्री को सील किया था, जो पंजाब में प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई दे रही थी।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 21वे दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी



**मेरठ दर्पण- मेरठ।** मनोज त्यागी ने बताया की जिला मेरठ के तमाम किसानो का गेंहू अभी तक मंडी में तौल से वंचित है और प्रशासन इस बात से बेपरवाह होकर तौल बंद कर रहा है गौरतलब हो की किसानो का रजिस्ट्रेशन भी प्रशासन ने 4 तारीख को ही बंद कर दिया था जिससे अनेको किसान इससे वंचित रह गये । जब कोरोनाकाल की दूसरी लहर से जिला मेरठ का पुरा देहात क्षेत्र प्रभावित था तब उपचार के प्रशासनिक दावे हवा-हवाई सि) हुए थे, जैसे तैसे किसान इससे उभरने का प्रयास ही कर रहा था तब तक प्रशासन ने किसानो के प्रति अपनी बेरूखी दिखाते हुए गेहुं रजिस्ट्रेशन व तौल बंद कर दी । जिलाधिकारी बताएं की कोरोनाकाल से प्रभावित किसानो का कसूर क्या है । एक तरफ सरकार लॉकडाउन लगाती है दूसरी तरफ लॉकडाउन खुलते ही तौल बंद कर देती है । इसमे सीधा सीधा केंद्र सरकार व राज्य सरकार का षडयंत्र है ताकि किसान परेशान रहे और आर्थिक रूप से कमजोर होकर किसान आंदोलन मे भागीदार न रह पाये । जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी ने मीडिया के माध्यम से जिलाधिकारी जी को स्पष्ट किया है की अगर कल से अंतिम किसान का गेंहू तुलने तक गेहुं तौल व रजिस्ट्रेशन सुचारू नही किये गये तो भारतीय किसान यूनियन जिले के सभी पीड़ित किसानो के साथ जिला मुख्यालय पर मय अनाज के पहुँचकर अपना अनाज जिला मुख्यालय पर तुलवाने का काम करेगी आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से सतीश इलमसिंह, नरेश चौधरी मवाना, बबलू जाटोली, मिन्टु दौराला, अशफाक प्रधान जैनपुर, रविन्द्र दौरालिया, मोनू छुर्र, उज्जवल सरूरपुर, तेजपाल शादीपुर, अंकित डांगी, जगत सिंह राठी, सुशील कुमार पटेल, जुनेद लावड, समीर लावड, गौरव इलमसिंह, लव चौधरी, महबूब सोलाना आदि मौजूद रहे।

# मंडप एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ मंडप एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल महामंत्री विपुल सिंघल के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मेरठ जनपद में सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में अनुमति लेने की प्रक्रिया को सरल बनायें जाने के सम्बन्ध में मिला। सर्वप्रथम उनके द्वारा सभी बाजारों को सोमवार से शुक्रवार सुबह 7 बजे से सायं 7 बजे तक खोलने की अनुमति दिए जाने एवं सोमवार के साप्ताहिक अवकाश को शनिवार में परिवर्तित किये जाने का स्वागत एवं धन्यवाद व्यक्त किया। संज्ञान में लाया गया कि सामाजिक कार्यक्रमों की अनुमति लेने की प्रक्रिया बहुत जटिल है जिसे सरल खत्म किये जाने की आवश्यकता है द्य आज के परिपेक्ष में कार्यक्रम आयोजक को किसी भी कार्यक्रम की अनुमति लेने के लिए निम्नलिखित प्रणाली से गुजरना होता है सर्वप्रथम कार्यक्रम आयोजक को कार्यक्रम किये जाने का आवेदन कार्यक्रम स्थल के क्षेत्रिय ए. सी. एम. कार्यालय से थानाध्यक्ष की संतुति के लिए मार्क कराना होता है। दुसरे चरण में थानाध्यक्ष की संतुति पश्चात आवेदन सम्बंधित क्षेत्रीय सी. ओ. कार्यालय सी. ओ. की संतुति के लिये जाना होता है। तीसरे चरण में आवेदक को सी. ओ. कार्यालय से संतुति के पश्चात संतुति पत्र ए. सी. एम. कार्यालय में जमा करना होता है। चौथे चरण में ए. सी. एम. कार्यालय से आवेदक को अनुमति पत्र प्राप्त होता है। इस प्रक्रिया में कम से कम आवेदक को इन कार्यालयों में न्यूनतम चार से आठ बार जाना होता है और तीन से चार दिन का समय लगता है जबकि कुछ कार्यक्रम का आयोजन तो एक या दो दिन पहले ही तय किया जाता है। संस्था सदस्यो ने निवेद किया की कार्यक्रम आयोजक पर अनुमति लेने का भार सिर्फ ए. सी. एम. कार्यलय में आवेदन प्राप्ति पत्र प्राप्त करने तक का होना चाहिये जिसके पश्चात अनुमति प्रदान करने की समय सीमा तय की जाए अन्यथा अनुमति लेने की प्रक्रिया को ही समाप्त कर देना चाहिये। इस मौके पर मेरठ मंडप एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री विपुल सिंघल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, चेयरमैन सुबोध गुप्ता, नरेश कंसल ,अपार मेहरा आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने नुमाती लेने की इस प्रक्रिया का 48 घंटे की समय तय की , अब आयोजन कर्ता को मात्र ए सी एम अथवा अपने स्थानीय एसडीएम के यहां आवेदन पत्र देना होगा जिसके पश्चात 48 घंटे में अगर अनुमति नहीं मिलती है तो स्वतः अनुमति उसको मान लिया जाएगा । मंडप एसोसिएशन की ओर से सभी पदाधिकारियों ने उनका धन्यवाद व स्वागत किया।

# पुलिया टूटने से नाराज ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मेरठ दर्पण-बागपत।** हलालपुर गांव को बड़ौत-टाण्डा रोड से जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की पुलिया गत दो माह से टूटी पड़ी है। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से जल्द से जल्द टूटी पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग की है। समाजसेवी सुरेंद्र सिंह तुगाना ने कहा कि पुलिया के टूटने से यहाँ आने-जाने वाले ग्रामीणों को हर समय चोट लगने का खतरा बना रहता है। केवल इतना ही नहीं इस पुलिया से यदि कोई अनजान ग्रामीण साइकिल से गुजरे तो उसके साथ कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है। हलालपुर निवासी युधिष्ठिर सिंह ने बताया के इस टूटी पुलिया के कारण गांव में कई हादसे हो चुके हैं। यहां तक कि रिश्तेदारों ने भी अंधेरा होने के बाद हलालपुर गांव में आना बंद कर दिया है। हलालपुर गांव के काफी लोग इस टूटी पुलिया के कारण दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। बताया कि इसकी शिकायत



लगभग सभी सम्बंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन किसी के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे नाराज होकर मंगलवार को हलालपुर गांव के ग्रामीणों ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण दल के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह तुगाना के नेतृत्व में टूटी पुलिया के पास खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। सुरेंद्र सिंह तुगाना ने कहा कि अगर इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द नहीं होता है तो वह मुख्य मार्ग को जाम करने के लिए बाध्य होंगे।

# एनसीसी को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में लागू करने वाला शोभित विश्वविद्यालय पहला शिक्षण संस्थान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय एनसीसी को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में लागू करने वाला पहला शिक्षण संस्थान बन गया है। आज बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में यूजीसी के द्वारा नए सत्र में एनसीसी पाठ्यक्रम को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाए जाने की संस्तुति के संबंध में डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ राजीव दत्ता की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से एनसीसी को एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाए जाने के विषय पर विस्तृत चर्चा के साथ एनसीसी को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाए जाने के विषय में प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव पर एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा बोर्ड ऑफ स्टडीज की प्रत्याशा में कुलपति की संस्तुति पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा स्वीत किया गया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर अक्षत अरोड़ा द्धसेवा मेडलक्ष एनसीसी, ग्रुप कमांडर मेरठ कर्नल मनीष धवन, कमांडिंग ऑफिसर70 यूपी एनसीसी बटालियन कर्नल जीएस सिंह, कमांडिंग ऑफिसर 71 यूपी एनसीसी बटालियन, विश्वविद्यालय के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एमएन बहुगुणा, उप कुलसचिव एकेडमिक डॉ गणेश भारद्वाज, एनसीसी केयर टेकर सुनील कश्यप, कुलदीप कुमार, डॉ. अभिषेक डबास सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रोसपेक्टस इन इमेज प्रोसेसिंग एंड एनालिसिस विषय पर नेशनल वेबिनार का आयोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गलगोटिया कॉलिज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा के इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी विभाग एवं फ्यूजन सोसाइटी द्वारा प्रोसपेक्टस इन इमेज प्रोसेसिंग एंड एनालिसिसष विषय पर नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में



जी.एल.ए यूनिवर्सिटी मथुरा, आईआईआईटी प्रयागराज इलाहाबाद आदि जैसे विभिन्न इंस्टिट्यूट के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वेबिनार के मुख्य अथिति एवं वक्ता थापर यूनिवर्सिटी पँजाब के डॉ. सुरेश रायकवर ने इमेज प्रोसेसिंग के वर्तमान विभिन्न उपयोगों एवं भविष्य में होने वाले उत् ष्ट प्रयोगों पर चर्चा करते हुए छात्रों को सम्पूर्ण जानकारी दी। संस्थान के निदेशक डॉ बृजेश सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस महामारी के दौर में कॉलिज प्रांगण में कक्षाओं के सुचारू रूप से नही चलने के कारण छात्रों के लिए इस तरह के वेबिनार महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। विभाग एवं फ्यूजन सोसाइटी अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिंह, कार्यक्रम के आयोजक डॉ संदीप सक्सेना वेबिनार की समन्वयक डॉ. संध्या कटियार, स्वस्ति सिंघल तथा निलोत्पल पाठक ने वेबिनार के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान फ्यूजन सोसाइटी के ;षभ जायसवाल अक्षिता अवस्थी आदि उपस्थित रहे।



# कर्तव्यनिष्ठ नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के निर्देशन में युद्ध स्तर पर जारी है शहर में तली झाड़ सफाई कार्य

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के निर्देश पर वार्ड संख्या 15 कैलासो देवी पत्नी राजकुमार सभासद के वार्ड क्षेत्र रामपुरी तथा वार्ड संख्या 35 परवेज आलम सभासद के वार्ड क्षेत्र मोहल्ला रामपुरम खालापार क्षेत्र में मैनुअली नाला टीम एवं रोबोट मशीन के माध्यम से नालों की तली झाड़ सफाई डॉक्टर संजीव कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं संजय पुंडीर तथा उमाकांत सफाई निरीक्षक गण के प्रभावी पर्यवेक्षण में कराई गई स पालिका अध यक्षा द्वारा कहा गया है कि नालों की सफाई का अभियान जारी रहेगा स इसके अलावा नावल्टी चौक से अहिल्याबाई चौक की ओर निकाली गई नालों की सिल्ट तथा वार्ड संख्या 26 ओम सिंह सभासद के क्षेत्र मोहल्ला जनकपुरी की सिल्ट का निस्तारण भी कराया गया स मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सिल्ट निस्तारण का कार्य देर शाम तक चला

# प्रथम पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पंडित जयनारायण शर्मा को याद किया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की बुढ़ाना गेट पर संयुक्त बैठक में पूर्व विधायक प0जयनारायण शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण स्मरण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दिवंगत पूर्व सांसद शान्ति त्यागी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जरनल शाहनवाज, पूर्व विधायक प0जयनारायण शर्मा तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्म दिवाकर का फोटो कार्यालय में लगाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दिवंगत अन्य नेताओं के भी फोटो शीघ्र कार्यालय में लगाए जायेंगे। श्र)ांजलि सभा में प्रदेश सचिव अजित कुमार डोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनीश काजला व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने व संचालन पूर्व पार्षद अनिल शर्मा ने किया। इस दौरान एआईसीसी मीडिया कॉर्डिनेटर मनोज त्यागी, पूर्व महानगर अध्यक्ष ष्ण कुमार किशनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मोघा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अजय त्यागी, हेमचन्द ठेकेदार, आदित्य प्रकाश शर्मा, प्रवक्ता हरिकिशन अम्बेडकर, मोनिंदर सूद बाल्मिकी, धूम सिंह, राकेश मिश्रा, आशा राम, हरीश त्यागी, योगी जाटव, नफीस सेफी, नईम राणा, डा0 दिनेश मोहन शर्मा, महेन्द्र शर्मा, नीतीश भारद्वाज, विनोद सोनकर, उमेश सक्सेना, विमल सैनी, नसीम राजपूत, हाशिम अंसारी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# रात में घर में घुसकर लाखों की चोरी





**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** देर रात चोरों ने घर मे घुसकर सेफ अलमारी का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों की नकदी व सोने, चाँदी के जेवरात चुरा लिये। पीड़ितों ने एक चोर को धर लिया जबकि उसके दो साथी फरार हो गये। घटना को लेकर ग्रामीणो में सनसनी फैल गयी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला सुभाष चौक निवासी नूर मौहम्मद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 2:30 बजे वह अपने कमरे में परिवार के साथ सो रहा था, तभी आहट होने से उसकी आंख खुल गई। उसने देखा कि बड़े भाई खुर्शीद के कमरे में चोर घुसे हुए हैं, जिन्हें देखकर उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग जाग गए, जिस पर चोर फरार होने का प्रयास करने लगे। गृह स्वामी ने परिजनों के साथ मिलकर एक चोर को भागते समय दबोच लिया और बाकी चोरों का पीछा किया परंतु दो अन्य चोर फरार हो गए। पीड़ितों ने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे शुकतीर्थ चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने चोर को गिरतार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सुहैब पुत्र शेरदीन बताया। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उसके घर में सेफ का ताला तोड़कर उसमें रखी लगभग ढाई लाख रुपए की नगदी व एक सोने की अँगूठी, एक हसली सोने की, एक जोड़ी चाँदी की पाजेब, दो चाँदी के सैट व एक जोड़ी चाँदी के गुठड़े चोरी कर लिये। पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं युसुफपुर गांव में भोपा मोरना मार्ग पर स्थित टायर पंक्चर की दुकान में चोरों ने दीवार तोडकर कीमती सामान चुरा लिया। पीडित आसिफ ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी दुकान की दीवार तोडकर दो जैक, बोगी के टायर व ट्यूब तथा लोहे का सामान चुरा लिया। पीडित ने पुलिस से कार्रवाई कर सामान बरामदगी की गुहार लगाई है।

# कोरोना से मुख्य अर्जक की मृत्यु होने पर एससी वर्ग के परिवार उठाये आशा योजना का लाभ, 19 जून तक करें आवेदन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास मेरठ मौ0 मुष्ताक अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम अनुविनि के माध्यम से नव संचालित आशा योजना के अन्तर्गत कोविड-19 महामारी में मार्च, 2020 के बाद से अनुसूचित जाति के ऐसे परिवार जिनके मुख्य कमाई करने वाले सदस्य की मृत्यु हो गयी है। उस परिवार को रू0 5.00 लाख तक का ;ण प्रदान किया जायेगा, जिसमें परियोजना लागत का 20 प्रतिशत शासकीय अनुदान एवं शेष राशि ;ण के रूप में उपलब्ध करायी जायेगी। ऐसे इच्छुक व्यक्ति जो पात्रता रखते हो, कार्यालय जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, मेरठ से सम्पर्क कर सकते हैं। सूचना उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि 19 जून 2021 है। उन्होने बताया कि पात्रता हेतु इच्छुक आवेदक अनुसूचित जाति का हो, परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रू0 3.00 लाख हो, परिवार के मुख्य कमाई करने वाले सदस्य की मृत्यु कोरोना महामारी से मार्च, 2020 के बाद हुई हो, मृतक की आयु, मृत्यु के समय 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच रही हो तथा कोरोना महामारी से मृत्यु का प्रमाण पत्र, शहरी क्षेत्र में नगर पालिका व नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।

# ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले पर रहेगा पूर्ण प्रतिबन्ध

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** कोरोना कोविड19 महामारी के संक्रमण की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा शुकतीर्थ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ज्येष्ठ गंगा स्नान मेले पर पूर्ण प्रतिबन्ध की घोषणा करते हुए मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों द्वारा दिये गये तथा श्रद्धालुओं की भीड को रोकने के लिए रणनीति बनाई गयी। महाभारतकालीन तीर्थनगरी शुकतीर्थ में आगामी 19 व 20 जून को ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले का आयोजन रद्द होने पर मंगलवार को जिला पंचायत के डाक बंगले पर उप जिलाधिकारी जानसठ जयेन्द्र कुमार, जिला पंचायत सचिव जितेन्द्र कुमार तोमर ने मेले में श्रद्धालुओं की भीड न आने देने को लेकर क्षेत्राधिकारी भोपा गिरजा शंकर त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी संग विचार विमर्श किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भीड को रोकने के लिए शुकतीर्थ में अनेक स्थानों मोरना, भोपा, बेहडा सादात, भोकरहेडी, निरगाजनी झाल पर बैरिकेटिंग करने, मुजफरनगर-भोपा-मोरना मार्ग पर सभी प्राईवेट बसों का संचालन दो दिनों तक बंद रखने, दुकानें बन्द रखने सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर रणनीति बनाई। इस दौरान मुख्य रूप से बीडीओ मोरना प्रभात कुमार श्रीवास्तव, एडीओ चंद्रप्रकाश शर्मा, राजपाल प्रधान, पं. विनोद शर्मा, प्रधान सर्वेन्द्र राठी, राजकुमार, डॉ. महकार सिंह, बस यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप सहरावत, देवेन्द्र आर्य, अंजुम जैदी आदि मौजूद रहे।

# दो निर्दलीय जिला पंचायत सदस्यों ने की रालोद की सदस्यता ग्रहण

❑ पूर्व विधायक व वरिष्ठ लोकदल नेता नवाजिश आलम की मेहनत लाई रंग




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल जनपद मुजफ्फरनगर मुख्य कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में दो निर्दलीय जिला पंचायत सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जयंत चौधरी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ली। पूर्व विधायक व वरिष्ठ लोकदल नेता नवाजिश आलम द्वारा भी इसके लिए अथक प्रयास किए गए यह मुमकिन हो सका इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजित राठी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में सभी विपक्षी पार्टी भाजपा की जनविरोधी, विकासविरोधी नीतियों के विरोध में उसे हराकर जिले के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे। पूर्व मंत्री योगराज सिंह,पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने नवागंतुक जिला पंचायत सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया! वार्ड 27 से सदस्य यूनुस चौधरी एडवोकेट और वार्ड 40 से सदस्य मौहम्मद मूसा ने उपस्थित नेताओ का धन्यवाद किया और पार्टी के साथ हरदम कदम से कदम मिलाकर चलने का वादा किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्यगण गज्जू पठान,बाबा मोमीन जौला, इरशाद चौधरी और रालोद नेता सुधीर भारतीय, हर्ष राठी, आदेश तोमर, माधोराम शास्त्री, ओमकार बालियान शौकीन प्रधान,अंशुल चौधरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चकरोड़ के विवाद में हमला कर किया घायल

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** गांव बरूकी में चकरोड़ के रास्ते को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि पिता पुत्रों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। जिसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरूकी निवासी शुभम ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसके कुटुंब के लोग उनसे जमीनी रंजिश रखते हैं। आरोप है कि मंगलवार की सुबह पिता पुत्र समेत तीन व्यक्ति हाथों में फावड़ा लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से उसके चाचा पर कातिलाना हमला कर दिया, जिससे उसके चाचा धर्मपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबे की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए और उनकी जान बचाई। जिसके बाद आरोपी आइंदा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल को परिजनों ने सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। वहीं दूसरा पक्ष मिंटू उर्फ धर्मवीर ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह अपने खेत पर घूमने के लिए गया था। तो पडोसियों ने चकरोड काट रखी थी। कटी हुई चकरोड को देखकर उसने अपने पडोसी विजयपाल, शुभम से चकरोड काटने के बारे में पूछा तो उन्होंने गाली गलौच शुरू कर दी और शुभम ने फोन द्वारा अपने घर के लोग बुला लिये और विजयपाल, शुभम, ब्रहमपाल, अमित, सुमित, धर्मपाल, अनिल ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाकियू ने दो गेंहू क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ हो रहे जुल्म को तहसीलदार के समक्ष रखा

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के सेकड़ो कार्यकर्ताओं ने बार संघ हाल में तहसीलदार के समक्ष बताया कि गढ़ी सखावतपुर और टोडा के गेंहू क्रय केंद्रों पर किसानों के छल हो रहा है जिसको लेकर किसानों में रोष व्यक्त हैं। तब आक्रोशित किसानों को शांत करते हुए तहसीलदार ने भाकियू कार्यकर्ताओं से जांच के नाम पर एक सप्ताह का समय मांगा।बताते चले कि भाकियू के सेकड़ो कार्यकर्ता के दर्जनों किसान तहसील में पहुंचे। जिन्होंने सभागार में पहुंचकर वहां पर तहसीलदार जयेंद्र सिंह को अपनी समस्या बताई कि गांव गढ़ी सखावतपुर और



टोडा के गेंहू क्रय केंद्रों पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी किसानों का खुला शोषण कर दलालों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जबकि किसानों का गेहूं खरीदा नहीं जा रहा है और किसान दोनों केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। ये दलाल बाजार से गेंहू खरीदकर किसानों के फर्जी नाम चढ़ाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जिस पर तहसीलदार ने संबंधित अधिकारी नलिनि से इस बात की जानकारी करनी चाही तो उनको कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जिस पर किसानों के आक्रोश को देखते हुए तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनको एक सप्ताह का समय दिया जाए। अगर किसानों के साथ वास्तव में ऐसी बात हो रही है तो वो निंदनीय है। वे इस मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# पुलिस ने लापता बच्ची को ढूंढ कर परिजनों को सौंपा, परिजनों ने पुलिस का जताया आभार

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर की शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली स्टैंड चौकी प्रभारी आदित्य कुमार भाटी ने 3 वर्षीय लापता बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है और परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है आपको बता दें कि जनपद मुजफ्फरनगर के मिमलाना रोड निवासी एक बच्ची जो सुबह 10:00 बजे से लापता थी जिसकी सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस पर हड़कंप मच गया और बच्ची को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस प्रशासन ने बच्चे को सकुशल बरामद करने के लिए प्रयास में जुट गई जिसके बाद चौकी प्रभारी आदित्य कुमार भाटी ने बच्ची को साडे चार घंटे बाद शामली स्टैंड के पास से बच्ची को घूमते हुए सकुशल बरामद किया 4 बच्ची के परिजनों को सौंप दिया गया जिसके बाद परिजनों द्वारा चौकी प्रभारी का आभार व्यक्त किया गया।



# पुलिस ने लाखों रुपए कीमत की 140 भेड़े की बरामद

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार के दिन दहाड़े चार बदमाशो ने भेड़ चरा रहे चरवाहे के साथ मारपीट कर हाथ पैर बांधकर गन्ने के खेत मे डालकर लाखों रुपए की कीमत की भेड़ लूटकर फरार हो गये थे,जिसमे भेड़ स्वामी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई जिस पर सीओ विनय गौतम के निर्देश पर पुलिस ने कश्बम्बिंग करते हुए मौके से एक बदमाश को किया गिरफ्तार जिनके कब्जे 140 भेड़ो के साथ एक तमंचा व कई जिंदा कारतूस भी बरामद किये है।बताते चले कि मामला कोतवाली बुढाना की चोकी उमरपुर चोकी क्षेत्र का जहाँ सोमवार के दिन चार बदमाशो ने दिन दहाड़े भेड़ चरा रहे चरवाहे जोगेन्द्र पुत्र नकली, अर्पित पुत्र प्रेम निवासी अलीपुर अटेरना को बंधक बनाकर हाथ पैर बांधकर 140 भेड़ो को लूट कर फरार हो गए थे जिसमें भेड़ स्वामी



राजपाल धनगर पुत्र घसीटा ने चरवाहे के साथ आकर पुलिस को सूचना दी जिस पर सीओ विनय गौतम नेतृत्व पुलिस ने मौके पर जाकर जंगलों में कश्बम्बिंग करते हुए पुलिस के अनुसार कसरेवा को जाने वाले रास्ते से एक बदमाश राहुल पुत्र मेनपाल निवासी कुतुबगढ़ थाना थानाभवन जिला शामली को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे लगभग 140 भेड़े बरामद करने के साथ एक तमंचा व कई जिन्दे कारतूस भी बारमद किये है वही तीन बदमाश मोके से फरार हो गए जिनकी तलाशी जारी है। जिसमे सीओ विनय गौतम ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि बदमाशो ने भेड़ चरा रहे चरवाहे को बंधक बनाकर पीटते हुए लगभग 15 से 20 लाख की कीमत की भेडे लूट ली थी जिनका आज अनावरण करते हुए पुलिस ने सभी भेड़े बरामद कर ली और एक बदमाश राहुल को तमंचे व कई जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है ओर जिसे जेल भेजा जा रहा जिस पर पहले भी थाना हजा पर दो मुकदमे दर्ज हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।